तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

11 रसेला में उत्साह के साथ मनाया गया चावल उत्सव

12 एएसपी जितेन्द्र को दी गई विदाई

जमाही में भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ और लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

धर्म नगरी घटारानी क्षेत्र के ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम जमाही में भक्ति और आध्यात्म की बयार बहने वाली है। ग्राम जमाही में आयोजित होने जा रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ और लोकार्पण समारोह का भव्य शुभारंभ 10 जनवरी को किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और राजनेता शामिल होंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फिंगेश्वर जनपद पंचायत की अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू करेंगी। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में निम्नलिखित हस्तियां शिरकत करेंगी चंद्रशेखर साहू जिला महामंत्री, भाजपा, सतीण यादव उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर, गोपी ध्रुव अध्यक्ष, कोपरा मंडल, नंदनी ओंकार साहू व प्रेमीन मिथलेश ध्रुव जनपद सदस्य, हरीश साहू अध्यक्ष, सरपंच संघ दुर्गा राम यादव भाजपा कार्यकर्ता। ग्राम पंचायत छुईहा की सरपंच विद्या देवी सिन्हा और उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा भागवत ज्ञान यज्ञ व्यासपीठ का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रख्यात भगवताचार्य पं. पुष्कर तिवारी (लोहरसिंग वाले) का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पावन धरा पर भागवत कथा के आयोजन से न केवल ग्राम जमाही बल्कि पूरे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध और भक्तिमय होगा। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से इस ज्ञान यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

मनमानी: हफ्ते में एक दिन हाजिरी, परीक्षा के समय भी रहते है गायब

नशे में धुत शिक्षक की मनमानी से बच्चों का भविष्य अंधकार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला के आश्रित ग्राम लादनपारा प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक नोहर सिंह मोर्या की मनमानी और लापरवाही के कारण आदिवासी अंचल के बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। ग्रामीणों और शाला प्रबंधन समिति का आरोप है कि शिक्षक न केवल स्कूल से नदारद रहते हैं, बल्कि जब आते हैं तो नशे की हालत में होते हैं। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डोमन ध्रुव और अन्य सदस्यों (घनश्याम ध्रुव, बिसेलाल सोरी, बैसाखू नेताम आदि) ने बताया कि शिक्षक मोर्या अपनी मर्जी के मालिक हैं। वे सप्ताह में महज एक दिन स्कूल आकर पूरे सप्ताह का हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। ताज्जुब की बात यह है कि 6 से 9 जनवरी तक आयोजित अर्धवार्षिक परीक्षाओं के दौरान भी प्रधानपाठक ने अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया। शीतकालीन अवकाश के बाद वे पहली बार गुरुवार को स्कूल में दिखाई दिए।

शिकायतों के बाद भी विभाग मौन- ग्रामीणों ने इस गंभीर लापरवाही की शिकायत संकुल समन्वयक से लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तक की है, लेकिन अब तक ▶▶|शेष पेज 11 पर

लादनपारा स्कूल में शिक्षा का बुरा हाल



दूसरे स्कूल के भरोसे चल रही पढ़ाई

जानकारी के अनुसार, दादरगांव नया (आश्रित ग्राम फूलबाहरा) का प्राथमिक शाला भवन जर्जर होने के कारण उस स्कूल को भी लादनपारा में ही संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर फूलबाहरा स्कूल का स्टाफ यहाँ नहीं होता, तो लादनपारा के बच्चे केवल मध्यान्ह भोजन करके घर लौट जाते, क्योंकि प्रधानपाठक मोर्या कभी समय पर स्कूल नहीं खुलते।

बीमार हाथी ने किया विभाग की जिप्सी पर जोरदार हमला

बाल-बाल बचे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पिछले एक पखवाड़े से एक जंगली हाथी बीमार हो गया है और खाना पीना छोड़ दिया है वन विभाग द्वारा लगातार इस बीमार हाथी का इलाज किया जा रहा है। आज बीमार हाथी ने सरकारी जिप्सी पर हमला बोल दिया जिससे जिप्सी वाहन के पूरे कांच टूट फूट गए और कर्मचारी जान बचाकर भागे। ज्ञात हो कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में तीन हाथी अलग-अलग घुम रहे है जिसमें सीतानदी परिक्षेत्र में एक नर हाथी लगभग 8-9 वर्षीय बीमार हो गया है और खाना-पीना छोड़ दिया है साथ ही बीमार होने के कारण काफी आक्रमक भी हो गया है। वन विभाग द्वारा लगातार बीमार हाथी के इलाज के लिए टीम लगी हुई है वन विभाग का अमला हाथी के हर गतिविधियो पर नजर रखे हुए है बीमार हाथी को लगातार दवा दिया जा रहा है आज बीमार हाथी ने लड्डू में मिलाकर दिये दवा को खाया भी है साथ ही बीमार होने के कारण और खाना पीना छोड़ देने से हाथी काफी आक्रमक हो गया है। इस संबंध में चर्चा करने पर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया वन विभाग द्वारा बीमार हाथी का लगातार निगरानी किया जा रहा है साथ ही इलाज जारी है।



खबर संक्षेप

ग्राम बोड़की में सजेगा मां शाकम्भरी महोत्सव आज

छुईहा बेलर। तहसील स्तरीय मरार समाज की कुलदेवी माँ शाकम्भरी महोत्सव का आयोजन ग्राम-बोड़की में 10 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू, इन्द्रजीत

महाड़िक-जिला पंचायत सदस्य इंद्राणी साहू-अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर एवं कोसरिया मरार समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल जी एवं अन्य सम्मानीय पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, होंगें। समाज सचिव विनोद पटेल, शिक्षक गैदू राम पटेल ने कहा कार्यक्रम में क्षेत्रीय समाज पदाधिकारीगण एवं राजिम तहसील के अन्तर्गत आने वाले लगभग 33 गांव के पटेल समाज एकत्रित होंगे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय एवं उद्यानिकी पोखरा फर्म से जानकारी सभी किसान भाईयों को दिया जावेगा। इस कार्यक्रम में ब्लड बैंक एनजीओ कोपरा द्वारा शिविर लगाया जावेगा जिसमें सभी लोग रक्त-दान करने का कार्यक्रम जोड़ा गया है। विनोद कुमार पटेल संरक्षक ने अपिल की अधिक संख्या में उपस्थित हो कार्यक्रम को सफल बनावे।

तुलसी राठौर बने ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संरक्षक

मैनपुर। ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक

के निर्देशानुसार ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनसाय नायक द्वारा मैनपुर क्षेत्र के युवा नेता तुलसी राठौर को प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर तुलसी राठौर ने हर्ष व्यक्त करते हुए समाज के द्वारा दिए गए जिम्मेदारी पर खरा उतरने की बात कही है।

बोड़की में शाकंभरी महोत्सव एवं रक्तदान शिविर आज

श्यामनगर। ग्राम बोड़की में 10 जनवरी को मरार समाज द्वारा कुलदेवी मां शाकंभरी के पावन शाकंभरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य इंद्राणी साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इंद्राणी साहू, कोसरिया मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी शामिल होंगे। महोत्सव में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, क्षेत्रीय नेतागण, समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं राजिम तहसील अंतर्गत आने वाले लगभग 33 गांवों के पटेल बंधु एकत्रित होंगे। कार्यक्रम के दौरान कृषि महाविद्यालय एवं उन्नत तकनीकी पोषक फार्म द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही जनहित में एनजीओ कोपरा के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें आमजन रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दे सकेंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर जरूरतमंदों की जीवन रक्षा में सहभागी बनने की अपील की है। कार्यक्रम की जानकारी मरार समाज के संरक्षक विनोद कुमार पटेल द्वारा दी गई।

निरीक्षण : निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

ग्राम छिंदौला में एकलव्य विद्यालय के कार्यों का विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शुक्रवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम छिंदौला में लगभग 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी और उपस्थित अधिकारियों को दोटूक शब्दों में कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विधायक जनक ध्रुव ने पूरे निर्माण परिसर का घूम-घूम कर जायजा लिया। उन्होंने कहा की यह भवन लंबे संघर्ष और मांग के बाद स्वीकृत हुआ है। यहां हमारे वनांचल क्षेत्र के गरीब बच्चों को शिक्षा ग्रहण करनी है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्य समय सीमा के भीतर और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो, ताकि क्षेत्र के नौनिहालों को इसका लाभ मिल सके।

ग्रामीणों ने सुनाई सड़क और पानी की व्यथा- छिंदौला के बाद विधायक फरसरा स्थित उचित मूल्य की दुकान (राशन दुकान) का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां दुर्गम क्षेत्र ओड़ और आमामोरा से आए ग्रामीणों ने विधायक को घेर लिया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़क संपर्क की बदहाली और पेयजल के गंभीर संकट से उन्हें अवगत कराया। विधायक ध्रुव ने ग्रामीणों को ढांढस बंधाते हुए जल्द ही आमामोरा और ओड़ क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

भाजपा सरकार पर बरसे विधायक, किसान और आम जनता परेशान- भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद किसानों ने विधायक का स्वागत किया, लेकिन साथ ही अपनी पीड़ा भी व्यक्त की। किसानों ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था है। 'एग्रीस्टेक पोर्टल' में तकनीकी खामियों, रकबा सुधार और पटवारियों की अनुपलब्धता के कारण पंजीयन व टोकन कटवाने में पसीने छूट रहे हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा की सरकार किसानों का धान खरीदने में विफल साबित हो रही है। जगह के अभाव में कई सोसायटियों में खरीदी ठप्प पड़ी है। मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर में मक्का की फसल लगी है, लेकिन किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। वनभूमि पट्टा प्राप्त किसानों का पंजीयन नहीं होने से वे दाने-दाने को मोहताज हैं।

कांग्रेस देगी किसानों का साथ

विधायक ने स्पष्ट किया कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे किसानों के हित में उग्र लड़ाई लड़ेंगे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, निहाल नेताम, रोशन राठौर सहित किसान माधव यादव, जगन नेताम और मोहन ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विधायक ने किया यादव समाज भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के हृदय स्थल सुभाष चौक, साहड़ा देव वार्ड क्रमांक 9 में यादव समाज के भवन निर्माण का भूमिपूजन विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी- संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा एवं नगर यादव समाज अध्यक्ष श्यामलाल यादव के करकमलों द्वारा किया गया। दस लाख की लागत से बनने वाले यादव समाज भवन के लोकार्पण एवं भूमिपूजन पंडित आलोक शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार एवं विधिविधान से संपन्न कराया गया। लोकार्पण समारोह के अवसर में विधायक साहू ने कहा कि यादव समाज गौरवशील समाज है। छत्तीसगढ़ के विकास में समाज का अहम योगदान है। प्रदेश की साय सरकार छत्तीसगढ़ में सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विगत दो वर्षों में निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने यादव समाज भवन लोकार्पण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवापारा शहर में विकास के कई कार्य हो रहे है। जिसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय एवं अभनपुर क्षेत्र के ऊजार्वान विधायक इंद्रकुमार साहू को धन्यवाद दिया। लोकार्पण कार्यक्रम में सभापति सचिन सचदेव, रवि साहू, सहदेव कंसारी, निर्मला-धीरज साहू, केकती सोनवानी, भरत सोनकर, नम्मू नारायण ध्रुव, वरिष्ठ भाजपा नेत्री साधना सौरज, पदमिनी सोनी सहित नगर यादव समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र राजू सोनकर बने प्रदेश संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जिले के वरिष्ठ, निष्ठावान एवं कर्मठ भाजपा नेता जितेंद्र राजू सोनकर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के उर्वरक, रसायन एवं बीज प्रकल्प का प्रदेश संयोजक नियुक्त किए जाने पर समूचे राजिम क्षेत्र में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति को संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निष्ठा, परिश्रम और किसान हितों के प्रति समर्पण का प्रतिफल माना जा रहा है। प्रदेश स्तर की इस अहम जिम्मेदारी की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं, किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों द्वारा श्री सोनकर को बधाइयों का तांता लग गया। क्षेत्र के किसानों में भी इस नियुक्ति को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि श्री सोनकर लंबे समय से किसानों की समस्याओं, उर्वरक उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रासायनिक उत्पादों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। श्री सोनकर को बधाई देने वालो में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ,राजिम विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर, पूर्व पार्षद कमला थवानी, डॉ रामकुमार साहू,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर , महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजु नायक, गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री चंद्रशेखर साहू, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष बिंदू सिन्हा, भागवत हरित, रामूराम साहू, अशोक राजपूत, ईश्वर साहू, देवकी साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, संजू चंद्राकर, आशीष शिंदे, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, कांति सोनकर, अनिता यादव, रामकुमार साहू, पुरण यादव, शरद पारकर, सोमनाथ पटेल, भारत यादव, आकाश राजपूत, टंकू सोनकर, उत्तम निषाद, ओमप्रकाश आडिल, राधेश्याम बंजारे, मुरली मनोहर थवानी, लखन लाल सिन्हा, श्यामकिशोर शर्मा, कामेश्वर गोस्वामी, प्रकाश वर्मा, रमेश चौधरी, आलोक पहाड़िया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके शुभचिंतक शामिल है।

कृषि कॉलेज के छात्रों ने पुरखौती मुक्तांगन और सफारी पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण : बीएससी तृतीय वर्ष के छात्रों ने जाना लैंडस्केपिंग का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद के बीएससी (कृषि) तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए हाल ही में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन और वन्यजीव एवं सफारी पार्क (नंदनवन) का भ्रमण कर 'लैंडस्केपिंग' (भू-दृश्य निर्माण) के व्यावहारिक गुर सीखे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कक्षा में पढ़े गए सैद्धांतिक ज्ञान का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। लैंडस्केपिंग विषय के अंतर्गत छात्रों ने सीखा कि कैसे पौधों के सही चयन और नियोजन से किसी बंजर भूमि को एक खूबसूरत पारिस्थितिक स्थल में बदला जा सकता है। विद्यार्थियों ने पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के साथ तालमेल बिठाते हुए बनाए गए 'सांस्कृतिक लैंडस्केप डिजाइन' का बारीकी से अध्ययन किया। छायादार उद्यानों का निर्माण, वाटर बॉडीज (जल निकायों) का सौंदर्यात्मक उपयोग और फूलों के संग्रहालय के नियोजन की तकनीक को समझा। सफारी पार्क में छात्रों ने प्राकृतिक और कृत्रिम परिदृश्य निर्माण के साथ-साथ वन्यजीव संवर्धन और जैव विविधता संरक्षण के पहलुओं का निरीक्षण किया। हरित क्षेत्र का विकास और जल संसाधनों के कुशल उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों से चर्चा की।

भविष्य के लिए प्रेरणा- सहायक प्राध्यापक (सब्जी विज्ञान) डॉ. ओमेश ठाकुर और सहायक प्राध्यापक (फल शास्त्र) डॉ. कुंतल साटकर के नेतृत्व में छात्रों ने इस अनुभव को करियर के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। शिक्षकों के अनुसार, इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों में कृषि, उद्यानिकी और लैंडस्केप डिजाइनिंग के क्षेत्र में व्यावसायिक कौशल विकसित होता है। विद्यार्थियों ने बताया कि पुरखौती मुक्तांगन की कलाकृतियों और सफारी पार्क के प्राकृतिक परिवेश को लैंडस्केपिंग के नजरिए से देखना एक नया और प्रेरणादायक अनुभव रहा, जिससे उनके शैक्षणिक कौशल को मजबूती मिली।

मनरेगा संशोधन विधेयक का विरोध, महिला कांग्रेस जिले के हर गांव में करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिला महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम के दिशा-निर्देश पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू ध्रुव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव श्रद्धा ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही जिले के सभी ब्लॉकों से महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं अध्यक्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए। गरियाबंद ब्लॉक से सुरेखा नागेश, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिन्हा, देवभोग से दबयंती सोनी, गरियाबंद शहर अध्यक्ष सविता गिरी, राजिम से कमली साहू, सुमित्रा निराला, खिलेश्वरी ध्रुव, इंदु देवांगन, श्वेता चंद्राकर, श्प्तिभा पटेल एवं विमला साहू की उपस्थिति रही। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। महिला कांग्रेस ने इसे महात्मा गांधी के विचारों, गरीबों के अधिकारों और ग्रामीण महिलाओं के सम्मान पर हमला बताया। जिला अध्यक्ष मंजू ध्रुव ने कहा कि मनरेगा योजना से करोड़ों ग्रामीण परिवार, विशेषकर महिलाएं सीधे जुड़ी हैं। इस योजना का नाम बदलने का प्रयास गरीबों के इतिहास और संघर्ष को मिटाने की साजिश है। उन्होंने जिले के सभी ब्लॉकों में गांव-गांव तक विरोध प्रदर्शन और जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव श्रद्धा ठाकुर ने कहा कि महिला कांग्रेस इस मुद्दे को घर-घर तक पहुंचाएगी और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से केंद्र सरकार की मंशा के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि महिला कांग्रेस के नेतृत्व में जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों एवं अंतिम गांवों तक चरणबद्ध आंदोलन, ज्ञापन सौंपने और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति भी बनाई गई।

- प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के निर्देश पर सभी ब्लॉकों में चरणबद्ध प्रदर्शन का निर्णय

विधायक निवास पहुंचे सीएम साय, भक्तिन माता का तैलचित्र भेंट कर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित समाज के अन्य विधायकगण राजिम पहुंचे। इस विशेष अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू समेत अनेकों विधायक, राजिम विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचे। यहां विधायक श्री साहू तथा उनके परिजनों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक निवास में मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर, ईश्वर साहू विधायक साजा तथा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू विशेष रूप से मौजूद थे। विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री और सभी वरिष्ठ नेताओं को भक्ति और आस्था की प्रतीक राजिम भक्तिन माता का तैलचित्र भेंट कर सम्मानित किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री जी और वरिष्ठ नेताओं का मेरे निवास पर आगमन न केवल मेरे लिए बल्कि मेरे पूरे परिवार के लिए सौभाग्य और गर्व का क्षण था। भक्तिन माता के आशीर्वाद से हमें जनसेवा की जो जिम्मेदारी मिली है, उसे हम पूरे समर्पण के साथ निभा रहे हैं। विधायक निवास में सीएम, डिप्टी सीमए कोई आधे घंटे से ज्यादा समय व्यतीत किए।

विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा: प्रीतम सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा जिला उपाध्यक्ष गरियाबंद प्रीतम सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है। जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। सिन्हा ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था।कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था। वहीं अब इस नए अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। सिन्हा ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी। जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे। ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियाँ प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी। यह नए अधिनियम से ग्रामीण क्षेत्र लोगों की लाभ मिलेगा। यह अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।

संदीप ने ली राज्य स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने राज्य स्तरीय बैठक लेकर विगत तीन माह में 14 जिलों में किये गए भ्रमण निरीक्षण की समीक्षा किया। इस दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मध्यान्ह भोजन, पोषण आहार योजना, तथा ट्राइबल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में आयोग के सदस्य सचिव राजीव जायसवाल, सदस्य द्वय राजेन्द्र महिलांग, कुलदीप शर्मा सहित सभी विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। श्री शर्मा ने बताया कि खाद्य आयोग के राज्य कार्यालय में पीडीएस, मध्यान भोजन योजना और पोषण आहार योजना तथा ट्राइबल विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रवासों के लिए खाद्यान पर आधारित योजनाओं की समीक्षा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ तीन माह में चौदह जिले के दौरा के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में संबंधित सभी विभागों के व्यवस्था को सुचारू रूप से अंतिम स्तर तक पहुंचे ऐसा निर्देश अधिकारियों को दिया। बताया कि सितम्बर से दिसंबर 2025 तक जिसमें आयोग दल द्वारा निरीक्षण किए गए जिसमें जिलों की संख्या -14, कुल निरीक्षित उचित मूल्य दुकान 33, कुल निरीक्षित आंगनबाड़ी केंद्र 17, कुल निरीक्षित स्कूल 13, कुल निरीक्षित आश्रम/छात्रावास 16 हैं। निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों और जांच के अनुसार अध्यक्ष द्वारा अनुशंसाएं की खाद्य विभाग के लिए उचित मूल्य दुकान में सूचनाओ का अनिवार्य प्रदर्शन सुनिश्चित किया जावे। राज्य स्तरीय बैठक में राजीव जायसवाल सदस्य सचिव, राजेंद्र महिलांग, कुलदीप शर्मा सदस्य, नीलम एल्मा अतिरिक्त संचालक खाद्य विभाग, डीएस मरावी जाइंट डायरेक्टर महिला बाल विकास विभाग, महेश नायक उपसंचालक स्कूल शिक्षा, आशीष बंजारे सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, अमित देवांगन नान अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

किसानों के लिए पंजीयन और रकबा सुधार समय-सीमा जारी

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धान खरीदी जारी है जिसमें बहुत कृषकों द्वारा खसरा/ रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, नवीन पंजीयन, रकबा संशोधन आदि किसानों द्वारा निरंतर मांग किया जा रहा था। जिससे शासन द्वारा समितियों के समिति लागिन में प्रावधान किया गया है। जो इस प्रकार है कैरी फारवर्ड 15 जनवरी,वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन 15 जनवरी तक, सभी प्रकार के संशोधन 31 जनवरी तक, इस तरह त्रुटि पूर्ण आधार के प्रकरण में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन 15 जनवरी तक, राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन 15 जनवरी तक किया जाएगा। सभी कृषकों से अनुरोध है कि अपने निकटस्थ सहकारी समितियों में जाकर समय सीमा में अपना नवीन पंजीयन, संशोधन आदि को पूर्ण करा लेवें। समस्त किसान अपने खरीफ में बोई गई फसलों जैसे मक्का, दलहन, तिलहन आदि का भी पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में करा सकते हैं। जिससे कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रावधान अनुसार 10,000 प्रति एकड़ अनुदान सहायता का लाभ ले सकेंगे। साथ ही साथ पंजीयन में किसी प्रकार की असुविधा होने पर अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, वरिष्ठ विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

वंचित किसानों से फार्मर आईडी बनाने की अपील

महासमुंद। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कुल 1 लाख 30 हजार 367 किसान पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 1 लाख 3 हजार 983 किसानों द्वारा फार्मर आईडी बनवा ली गई है तथा 26 हजार 384 किसानों की फार्मर आईडी बनना शेष है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसे गंभीरता से लेते हुए शेष सभी हितग्राही किसानों से शीघ्र फार्मर आईडी बनवाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते हैं।

पेज 9 का शेष...

नशे में धुत...

कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। प्रशासनिक उदासीनता के चलते लापरवाह शिक्षक के हौसले बुलंद हैं। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर और उपसरपंच परमेश्वर यादव ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे बच्चों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषी शिक्षक को तत्काल हटाने की मांग की है। सुनिश्चित किया जाए कि स्कूल हर रोज समय पर खुले और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

बीईओ को दी है जानकारी- संकुल समन्वयक संतराम कवर ने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी बीईओ को दे दी है।

भगवान श्रीराम का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : शर्मा

परीक्षा पेपर में भगवान राम के नाम का अपमान शिक्षा विभाग के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

महासमुंद के बाद अब गरियाबंद जिले में भी शिक्षा विभाग की एक बड़ी लापरवाही के कारण भारी जन-आक्रोश भड़क गया है। मैनपुर विकासखण्ड में कक्षा चौथी के अंग्रेजी विषय के अर्धवार्षिक परीक्षा पेपर में भगवान राम के नाम को एक आपत्तिजनक विकल्प के रूप में शामिल करने का मामला सामने आया है। इस घटना से हिंदू संगठनों और स्थानीय नागरिकों में भारी रोष है, जिसके विरोध में अब पुतला दहन और बड़े प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, कक्षा चौथी के अंग्रेजी के प्रश्न पत्र में एक वस्तुनिष्ठ (Objective) सवाल पूछा गया था ''मोना के कुत्ते का क्या नाम है?'' (What is the name of Mona's dog?)। इस प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए चार विकल्पों में से एक विकल्प के रूप में 'राम' (Ram) नाम लिखा गया था। जैसे ही यह प्रश्न पत्र पालकों और जनसामान्य के बीच पहुंचा, करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र भगवान श्रीराम के नाम का इस तरह उल्लेख करने पर विवाद खड़ा हो गया।

डीईओ को बर्खास्त करने की मांग



R Half Yearly Examination 2025 - 26
Subject - English
Time - 03:00 hrs Class - 4th M.M. - 40
Roll no. 409 (In Words)
Name of Student Nelam chakli Nelam
Block Mainpur District Rajnandgaon (C.G.)
Invigilator's Sign Valuer's sign M.M. 40 Marks obt.
Instruction - Attempt all questions -
Q. 1 Multiple choice questions- 5
1. What is the name of Mona's dog?
(a) Bala (b) No one is mentioned
(c) Sheru (d) Ram Ans Sheru
2. How many frogs were involved in the story "In the Pond"?
(a) 3 (b) 4
(c) 2 (d) 1 Ans 2
3. Who is the driver of the train?
(a) Mr. Ram Bahadur (b) Mr. Manna
(c) A Passenger (d) None of them Ans Mr. Ram Bahadur
4. Where did Mother Keep the sweets?

राम भारत की आत्मा हैं, अपमान बर्दाश्त नहीं : योगेश शर्मा- भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए कहा कि श्वान के नाम के विकल्पों में 'राम' नाम देना एक निंदनीय और कुत्सित प्रयास है। उन्होंने कहा, भगवान श्रीराम भारत की आत्मा और हमारी संस्कृति के आधार हैं। शिक्षा विभाग का यह कृत्य शासन की छवि धूमिल करने वाला है। जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी थी कि पेपर प्रकाशन से पूर्व उसकी जांच की जाए, लेकिन अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। हम मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मिलकर दोषियों को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करेंगे।

कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की चुप्पी पर उठाए सवाल- ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने भी इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा की प्रश्न पत्र में भगवान राम के नाम का अपमानजनक उल्लेख शिक्षा विभाग की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। यह बेहद गंभीर विषय है कि सत्ता पक्ष के नेता और मंत्री इस पर अब तक चुप हैं। हम अपने आराध्य का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है।

प्रशासनिक लापरवाही पर उठते सवाल- ग्रामीणों और वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि शिक्षा विभाग की यह लापरवाही अक्षम्य है। पेपर सेट करने वाले शिक्षक से लेकर उसे स्वीकृत करने वाले ब्लॉक और जिला स्तर के अधिकारियों पर अब तक कोई कार्रवाई न होना विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। स्थानीय हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज नहीं गिरती है, तो पूरे मैनपुर नगर में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

बिरोडार की 39 बालिकाओं को वितरित किए स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

बेटी पढ़ेगी, विकास गढ़ेगी' के ध्येय को सार्थक करते हुए विरासत के अंजोर फाउंडेशन (बागबाहरा) द्वारा वनांचल क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की गई है। संस्था ने शासकीय प्राथमिक शाला बिरोडार की 39 नन्ही बालिकाओं को गर्म कपड़ों का वितरण कर इस कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचाई है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में प्राथमिक शाला की 29 बालिकाएं, बालवाड़ी की 3 और आंगनवाड़ी की 7 बालिकाओं को शामिल किया गया। जैसे ही नन्ही छात्राओं को रंग-बिरंगे स्वेटर मिले, उनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस पुनीत कार्य में ग्राम पंचायत के पंच गणेशराम ध्रुव, माहेश्वरी साहू, रुक्खमणी धीवर (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) और महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

वनांचल की बेटियों के लिए पुनीत पहल- शाला के प्रधानपाठक रुपेश कुमार शर्मा ने फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की थीम पर बालिकाओं को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए यह नेक कार्य किया है। वहीं शिक्षक नेमीचंद यादव ने बताया कि विरासत के अँजोर फाउंडेशन केवल कपड़े ही नहीं, बल्कि मेडिकल चेकअप और नेत्र परीक्षण शिविर के माध्यम से भी बच्चों के बेहतर भविष्य और स्वास्थ्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है।

समाज के लिए प्रेरणा बना फाउंडेशन- वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां ठंड का असर अधिक रहता है, ऐसे में फाउंडेशन की यह त्वरित सहायता ग्रामीणों के लिए राहत भरी रही। ग्रामवासियों ने फाउंडेशन के सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया और संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की।

जिपं सदस्य नेहा के प्रयास से 7 स्थानों पर हैंडपंप खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य श्रीमती नेहा सिंघल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार प्रयास कर रही है पिछले दिनों कई ग्रामों के ग्रामीणों ने उन्हे गांव में पेयजल समस्या से अवगत कराया था जिस पर इस मामले को उन्होने सामान्य सभा में प्रमुखता के साथ उठाया था और तो और आला अफसरों को समस्याओ से अवगत करा कर पीएचई विभाग द्वारा पेयजल की समस्या दूर करने के लिए हैंडपंप खनन प्रारंभ कर दिया गया है। जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने पूजा अर्चना कर हैंडपंप खनन का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत डुमरपीटा के चचरापारा, ग्राम पंचायत चिचिया के पोटीपारा, ग्राम पंचायत कदलीमुड़ा, ग्राम पंचायत लाटापारा, ग्राम पंचायत गिरसुल, ग्राम पंचायत घोघर एवं ग्राम पंचायत खुटगांव के नयापारा में हैंडपंप खनन किया जा चुका है। जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने बताया ग्रामीणो ने जहां भी पेयजल की समस्या बताई है उन ग्रामों में प्रमुखता के साथ जल्द ही हैंडपंप खनन करवाया जायेगा लोगों को पेयजल की कोई समस्या न हो इसके लिए लगातार उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

रसेला में उत्साह के साथ मनाया गया चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

राज्य के गठन के 25 साल पूरे होने 2 जनवरी से 9 जनवरी तक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सभी सहकारी उचित मूल्य की दुकानों में चावल उत्सव मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाना है। जिसमें उचित मूल्य की दुकानों में विशेष कार्यक्रम और ई केवाईसी अभियान शामिल हैं। इसी के तहत ग्राम रसेला के शासकीय उचित मूल्य दुकान में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिकता कार्डधारी, अंत्योदय कार्डधारी, निराश्रित कार्डधारी एवं सामान्य कार्डधारी हितग्राहियों को माह जनवरी का चावल, शक्कर,चना एवं नमक का वितरण किया गया। रजत जयंती चांवल उत्सव के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि उपसरपंच परमेश्वर यादव, पंच कंसराम ठाकुर, साधना जयसवाल, मालती मरकाम, सेल्समैन चंचल जगत,खेमजगत, सहित उपभोक्ता उपस्थित थे। इस दौरान उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की मौजूदगी में पारदर्शिता से खाद्यान्न वितरण और योजनाओं का प्रचार हो रहा है, जिससे राशनकार्ड धारियों को खाद्य सुरक्षा और जागरूकता मिल सकें। यह उत्सव छत्तीसगढ़ में एक बड़ी पहल है, जो यह सुनिश्चित करती है कि जरूरतमंदों तक खाद्यान्न पहुंचे और वितरण प्रक्रिया में स्थानीय भागीदारी हो। इस दौरान हिरावन यादव, सगुन दास, लक्ष्मण यादव, खिलावन यादव, भागीरथी भुजिया, मालती ठाकुर, राधे यादव, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

हर्षिता यदु कविता व उमाशंकर कहानी लेखन में रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में गुरुवार को महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गरियाबंद, राजिम एवं देवभोग क्षेत्र के महाविद्यालयों से कुल 09 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कविता लेखन प्रतियोगिता में राजिम लोचन महाविद्यालय की कु. हर्षिता यदु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कु. देवनंदिनी साहू, राजिम महाविद्यालय को द्वितीय स्थान तथा कु. कामिनी सिन्हा, देवभोग महाविद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार कहानी लेखन प्रतियोगिता में राजिम लोचन महाविद्यालय के उमाशंकर साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया। शासकीय महाविद्यालय गरियाबंद के घनश्याम सिन्हा को द्वितीय स्थान तथा देवभोग महाविद्यालय के अभिजीत शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जिला नोडल प्राचार्य डॉ. आरके तलवारे, डॉ. प्रभात रंजन एवं डॉ. संजय यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के लिए गठित निर्णायक मंडल में संयोजक प्रेमानंद महिलांग तथा सदस्य डॉ. मधुबाला मिश्रा, डॉ. ऊष्मा खाण्डेकर, यशवंत पटेल एवं भेषण लाल साहू शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। इस साहित्यिक आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं अभिव्यक्तिपूर्ण प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया।

उरमाल में लो बर्थ वेट कम करने व पोषण के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम उरमाल में ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरमाल में जन्म के समय कम वजन (लो बर्थ वेट) को कम करने एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बिंकर एवं डॉ. गजेंद्र धुरव तथा आरएमए सनत वारा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित जांच, आयरन–फोलिक एसिड के सेवन तथा नवजात शिशुओं की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने कम वजन में जन्म लेने वाले बच्चों के जोखिम, स्तनपान के लाभ और समय पर टीकाकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कोरबा में आयोजित कबड्डी स्पर्धा के लिए राजिम की टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

9 से 11 जनवरी तक कोरबा में आयोजित 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर महिला व पुरुष कबड्डी चेम्पियनशिप प्रतियोगिता के लिए गुरूवार को जिला कबड्डी संघ की टीम राजिम से रवाना हुई। इस अवसर पर कबड्डी संघ के अध्यक्ष रमेश पटेल, उपाध्यक्ष शरद पारकर, पूरन यादव, त्रिलोक पारकर, राजेश धीवर ने टीम के इन खिलाड़ियों को अग्रीम बधाई दी। टीम में मैनेजर, कोच गुलाब नागेश, भावना यादव सहित लाकेश, लीलेश्वर ध्रुव, रामेश्वर, लक्ष्मण, उमेश साहू, हेमंत, योगेश कौशल, अनिल तारक, अजित ठाकुर, वासुदेव ठाकुर, तरुण साहू, ओमेश नेताम, हेमा यादव, अंजली, खिलेश्वरी तारक, पायल ध्रुव, चन्द्रलेखा निर्मलकर, सरिता यादव, योगिता ध्रुव, तामेश्वरी यादव, द्रोपती यादव, चांदनी यादव, मनीषा पटेल, खोमेश्वरी ध्रुव, ईशा मरकाम, भूमिका कंवर शामिल है।

खबर संक्षेप

चंदन बने भाजपा मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सहप्रभारी

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जंबो टीम की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय तथा प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे द्वारा की गई। इसके साथ ही प्रदेशभर में संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर राजिम क्षेत्र के पूर्व जिला किसान मोर्चा महामंत्री एवं पूर्व राजिम मंडल महामंत्री चंदन साहू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रदेश सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। चंदन साहू को संगठन में यह दायित्व मिलने से राजिम क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में हर्ष और उल्लास का माहौल है। कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने इसे क्षेत्र के लिए सम्मान और गौरव की बात बताया है। लोगों का कहना है कि एक जमीन से जुड़े एवं संघर्षशील कार्यकर्ता को संगठन में उचित स्थान मिलना प्रसन्नता का विषय है। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, मंत्री सुरेंद्र सोनटेक, संदीप पांडेय, प्रवीण साहू, कमलेश साहू, प्रकाश सिन्हा, नरेश शर्मा, अश्वनी साहू, थानेश्वर साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, नोखेलाल साहू, राजू साहू, दिनेश साहू, अनिल साहू, सुरेंद्र साहू, गुलशन सिन्हा, नेहरू साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

सरकारी गौठान में तोड़फोड़ मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में पहुंची

पांडुका। ग्राम पंचायत कुटेना में बीते दिनों अतिक्रमण हटाने गए राजस्व अमला द्वारा सरकारी गौठान के गेट तार घेरा, दो शौचालय और वहां लगाए गए छोटे-छोटे लगे पेड़ पौधे को तोड़कर फेंक दिया गया है जिसको लेकर

हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया था तो वहीं इस मामले को निष्पक्ष जांच के लिए ग्राम पंचायत कुटेना के नागरिक नूतन साहू और गुलाब साहू ने बीते दिनों मंगलवार को कलेक्टर जन दर्शन में दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित आवेदन देकर जन दर्शन में शिकायत किया है। शिकायतकर्ता नूतन साहू और गुलाब साहू ने बताया कि राजस्व अमला के साथ ग्राम पंचायत सरपंच स्वयं मौजूद रही और जिम्मेदार सरपंच के अगुवाई में यह सरकारी निर्माण को छती पहुंचाया गया है। जो कि पूर्व सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बना हुआ था। जिसमें गेट दो शौचालय और वहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाए गए तार घेरा साथ ही लगे छोटे-छोटे पौधे को भी जेसीबी के माध्यम से उखाड़ कर फेंक दिया गया है। शिकायत कर्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि फिर से सभी चीजों का ज्यों का त्यों निर्माण किया जाए और दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

समस्या : मैनपुर स्कूल में गणित, रसायन व इतिहास जैसी महत्वपूर्ण विषयों के नहीं है शिक्षक

शिक्षा मंत्री के आदेश को विभाग ने दिखाया ठेंगा, डेढ़ माह बाद भी स्कूल में नहीं पहुंचे शिक्षक, बोर्ड परीक्षा पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार में सुशासन के दावों के बीच गरियाबंद जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जो प्रशासनिक लापरवाही की पराकाष्ठा को दर्शाता है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्वयं संज्ञान लेते हुए मैनपुर के स्कूली बच्चों की समस्याओं को दूर करने के कड़े निर्देश दिए थे, लेकिन डेढ़ महीने बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उनके आदेश को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। आलम यह है कि 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और छात्र बिना शिक्षकों के परीक्षा देने को मजबूर होंगे। बीते 25 नवंबर को मैनपुर में आयोजित जिला स्तरीय यादव समाज के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क किनारे पैदल जा रहे स्कूली बच्चों को देखकर अपना काफिला रुकवाया था। मंत्री स्वयं वाहन से उतरे और बच्चों के बीच पहुंचकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान शासकीय उच्चतर

शिक्षक विहीन स्कूल, गणित और विज्ञान जैसे विषयों में शून्य पढ़ाई

छात्रों ने मंत्री को बताया कि स्कूल में 492 छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन गणित, रसायन शास्त्र, हिन्दी और इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक ही नहीं हैं। शिक्षा मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद को तलब किया था। उन्होंने कड़े निर्देश दिए थे कि एक सप्ताह के भीतर शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और नए स्कूल भवन के लिए स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार किया जाए।

सड़क पर बच्चों को देखकर रुका मंत्री यादव का काफिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव की काफिला जैसे ही लोक निर्माण विश्राम गृह से कार्यक्रम स्थल के लिए निकली स्कूली छात्र-छात्राओं को सड़क में जाते देख शिक्षामंत्री ने अपनी काफिला रुकवा दी और स्वयं उतरकर बच्चों के बीच पहुंचे तथा बच्चों का हाल चाल जाना। इस दौरान बच्चों ने शिक्षामंत्री को अपने बीच पाकर खुशी से गदगद हो गए और उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान शिक्षामंत्री ने बातचीत में बच्चों को पूछा की स्कूल में कैसा पढ़ाई हो रहा है तो मैनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंत्री को बताया कि पर्याप्त शिक्षक नहीं है और इस वनांचल क्षेत्र में कृषि संकाय के विषय नहीं है जिस पर मंत्री ने जल्द कार्यवाही करने की बात कही। इस दौरान बच्चों ने बताया कि मैनपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल खुले 30 वर्ष हो गया है लेकिन आज तक भवन का निर्माण नहीं किया गया है, पढ़ाई में भारी परेशानी होती है, शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव ने तत्काल स्थानीय अधिकारियों को बुलाकर आलीशान हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण के लिए स्टीमेंट एक सप्ताह के भीतर भेजने कहा है साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच सड़क में ही शिक्षामंत्री ने मैनपुर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के लिए करोड़ों रुपए की राशि देने की घोषणा कर दी जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ नगर के लोगों ने शिक्षामंत्री के जमकर जयकारे लगाए। शिक्षामंत्री ने कोई भी समस्या होने पर तत्काल इसकी सूचना देने छात्र-छात्राओं को कहा जो छात्र-छात्राओं ने शिक्षामंत्री से बात कर काफी खुश नजर आए।

माध्यमिक विद्यालय मैनपुर के छात्र-छात्राओं ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वे वर्षों पुराने जर्जर हाईस्कूल भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं और 1980 से संचालित इस स्कूल का अपना नया भवन आज तक नहीं बना है।

डेढ़ माह बाद भी जस की तस स्थिति, अधिकारी बेपरवाह- मंत्री के निर्देश के डेढ़ माह बाद भी शिक्षा विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। आज तक स्कूल में एक भी नए शिक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है। 22 फरवरी से 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं हैं, लेकिन शिक्षकों के अभाव में कोर्स अधूरा पड़ा है। ताज्जुब की बात यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने मंत्री के निर्देश के बावजूद एक बार भी स्कूल का दौरा करना उचित नहीं समझा। ऐसा प्रतीत होता है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को न तो छात्रों के भविष्य की चिंता है और न ही प्रदेश के कैबिनेट मंत्री के आदेशों का खौफ।

पालक संघ ने खोला मोर्चा, रायपुर जाकर होगी शिकायत- शिक्षा विभाग की इस घोर लापरवाही से पालकों में भारी आक्रोश है। पालक संघ के वरिष्ठ सदस्य एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, सद्दाम भट्टी और दुलार सिन्हा ने संयुक्त बयान में कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने कहा, जब सरकार के मंत्री खुद निर्देश देकर जाते हैं और अधिकारी उसे अनसुना कर देते हैं, तो यह सीधे तौर पर शासन की छवि को धूमिल करने जैसा है। पालक संघ ने चेतावनी दी है कि वे एक सप्ताह के भीतर राजधानी रायपुर जाकर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात करेंगे और आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करेंगे।

डीईओ ने कहा मैं अस्पताल में हूं- इस पूरे मामले पर जब जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद, जगजीत सिंह धीर से चर्चा की गई, तो उन्होंने अजीबोगरीब सफाई दी। उन्होंने कहा, मैंने तो उसी दिन आधे घंटे के भीतर शिक्षकों की व्यवस्था कर दी थी। अब बीईओ से पूछना पड़ेगा कि ऑर्डर का पालन हुआ या नहीं। मैं अभी अस्पताल में भर्ती हूं।

एएसपी जितेन्द्र को दी गई विदाई

गरियाबंद। जिला गरियाबंद में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर का स्थानांतरण होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में ससम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके कुशल नेतृत्व, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था में सुधार, जनसंपर्क बढ़ाने तथा पुलिस-जन समन्वय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चंद्राकर को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विदाई के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए गरियाबंद जिले के प्रति अपने स्नेह एवं आत्मीय भावनाओं को साझा किया।

छात्रों को बताए गए तकनीकी शिक्षा के विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा, छुरा में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 के अंतर्गत करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में गेंदलाल ने विद्यार्थियों को 10वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध डिप्लोमा, बी. टेक तथा अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने पाठ्यक्रमों की अवधि, विषय-वस्तु, प्रशिक्षण पद्धति, प्रवेश प्रक्रिया, प्लेसमेंट व्यवस्था एवं करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सीआईपीईटी से प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को देश की विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं तकनीकी कंपनियों में रोजगार के सशक्त अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सीआईपीईटी, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित एक प्रमुख



राष्ट्रीय संस्थान है, जिसकी स्थापना वर्ष 2015 में औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी, रायपुर में भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयासों से की गई। संस्थान में आधुनिक शैक्षणिक भवन, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, उद्योग आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण सुविधाएँ तथा छात्र-छात्राओं हेतु पृथक छात्रावास की व्यवस्था उपलब्ध है। संस्थान में AICTE से मान्यता प्राप्त डिप्लोमा एवं पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव सहित विज्ञान संकाय के वरिष्ठ शिक्षक विकास सिहाग, रजत पाल एवं मयंक यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से गेंदलाल को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की सही दिशा प्रदान करते हैं तथा उनके आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक एवं मार्गदर्शक कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन पर बल दिया।

रजनकटा में पंच के खिलाफ अतिक्रमण पर जंग, दो माह बाद भी जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत रजनकटा में पंचायती राज अधिनियम के तहत एक नया कानूनी विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड क्रमांक 10 के वर्तमान पंच पुरन लाल निषाद पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाने का आरोप लगाते हुए पूर्व पंच छविराम ध्रुव ने उन्हें पद से हटाने की मांग की है। हालांकि, प्रशासन की सुस्ती और पटवारी के जवाब ने पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वार्ड 10 के पूर्व पंच छविराम ध्रुव ने अनुभागीय अधिकारी छुरा को दिए लिखित आवेदन में बताया है कि वर्तमान पंच पुरन लाल निषाद ने ग्राम रजनकटा के खसरा नंबर 337 (रकबा 5.89 हेक्टेयर) की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान और बाड़ी का निर्माण किया है। आवेदन के अनुसार, पुरन लाल वर्तमान में मकान नंबर 169 में निवासरत हैं।

छविराम का तर्क है कि छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम

1993 की धारा 36(1) के प्रावधानों के तहत, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति पंच पद के लिए अयोग्य होता है।

प्रशासनिक सुस्ती और दोहरे मापदंड का आरोप- इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि एसडीएम कार्यालय छुरा ने 24 नवंबर 2025 को हल्का पटवारी को तीन दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन सौंपने का आदेश दिया था। लेकिन आज दो महीने बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व पंच छविराम ध्रुव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे इसी तरह के अतिक्रमण के मामले में पंच पद से हटा दिया गया था। जब मुझ पर कार्रवाई हुई, तो वर्तमान पंच पर मेहरबानी क्यों की जा रही है? क्या नियम केवल आदिवासी व्यक्तियों के लिए हैं? एक ही अपराध के लिए दो अलग-अलग कानून क्यों? जब इस संबंध में हल्का नंबर 17 के पटवारी नरेन्द्र साहू से बात की गई, तो उनका जवाब हैरान करने वाला था। उन्होंने कहा की मुझे एसडीएम कार्यालय से कोई लिखित आदेश नहीं मिला है, केवल व्हाट्सएप पर जानकारी मिली थी। अभी जांच नहीं की गई है, जल्द ही समय निकालकर जांच प्रतिवेदन सौंप देंगे।

मुख्यमंत्री जनदर्शन में शिकायत की तैयारी- प्रशासनिक टालमटोल से व्यथित होकर पूर्व पंच छविराम अब इस मामले को मुख्यमंत्री जनदर्शन और राज्य निर्वाचन आयोग तक ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि स्थानीय स्तर पर उन्हें न्याय नहीं मिला और कानून का समान रूप से पालन नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

आप पार्टी की बैठक में छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव के नेतृत्व मे जिला स्तरीय बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस छुरा मे संपन्न हुआ, मीटिंग का उद्देश्य केजरीवाल जी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना एवं छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा के सम्बन्ध मे चर्चा हुआ जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासमुंद जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सचिव एवं सह प्रभारी रूद्र सेन सिन्हा, प्रदेश सचिव संतोष चंद्राकर, जिला संगठन मंत्री महासमुंद शकील खान, लोक सभा अध्यक्ष महेश यादव, जिला अध्यक्ष यूथ हरीश कुमार पटेल,हुकूमत यादव जिला उपाध्यक्ष, नंदलाल यादव जिला महासचिव, राम नारायण ध्रुवा जिला कोषाध्यक्ष,दुर्वास नेताम जिला संगठन मंत्री, सेवाराम साहू विधानसभा प्रभारी राजिम, बलियार सिंह नेगी विधानसभा प्रभारी विंद्रनावगढ़, लोकेश साहू ब्लॉक अध्यक्ष राजीम, ब्लॉक अध्यक्ष यूथ विंग शीतल नागर्ची, खेम सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष छुरा, मोहन सिन्हा, ईश्वर पटेल खेदुरम ठाकुर मिलन, एवं ईश्वर साहू, छन्नू लाल नेताम, इरफान खान, थानेश्वर सोरी तुलस राम, भगवान सिंह, मोहित यादव आदि ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली।

शिक्षकों पर ऑनलाइन कार्यों का बोझ और निजता का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

छत्तीसगढ़ के समस्त जिले में शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लागू किए गए वीएसके ऐप को लेकर शिक्षकों में असंतोष खुलकर सामने आ गया है। इस ऐप का शिक्षकों का कहना है कि वे शासन की मंशा के विरोध में नहीं हैं, लेकिन जिस तरीके से निजी मोबाइल पर इस ऐप के उपयोग के लिए दबाव बनाया जा रहा है, वह अनुचित और अस्वीकार्य है। शासकीय शिक्षक संघ से शिक्षक सर्वेश कुमार शर्मा में बताया गया कि वीएसके ऐप को डाउनलोड करने के दौरान लोकेशन, गैलरी और वीडियो जैसी संवेदनशील अनुमतियां मांगी जाती हैं। चूंकि यह ऐप शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन में उपयोग किया जाना है, ऐसे में शिक्षकों की व्यक्तिगत जानकारी, जैसे बैंक डिटेल, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य निजी डेटा की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। शिक्षकों ने आशंका जताई कि इस ऐप के माध्यम से निजता का उल्लंघन और साइबर फ्रॉड की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। आने वाले समय में सरकार द्वारा वीएसके ऐप डाउनलोड करने का दबाव बनाती है तो समस्त शिक्षक संघ एक मंच में आ कर छत्तीसगढ़ के शासकीय शिक्षक द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आखिर कब तक शिक्षकों को ऑनलाइन काम से निजात मिले समझ से परे है पूरा समय कभी छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अत्यंत्र महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन शिक्षको द्वारा किया जा रहा है जिसमें माध्यम भोजन एंट्री विनोबा एप एंट्री छात्रवृत्ति एंट्री यू डाइस प्लस एक पेड़ मां के नाम महापुरुषों की जयंती दिवस का कार्यक्रम का फोटो अपलोड पुस्तक वितरण स्कैन परीक्षा पे चर्चा मन की बात सरस्वती सायकल योजना गणवेश वितरण ऑनलाइल जानकारी तिमाही अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा ऑपलोड करना जाति निवास ऑनलाइन करवाना और बहुत से योजनाओं का संचालन करने के उपरांत मोंटीरिंग के लिए स्कूलों को मर्ज किया गया है उसके उपरांत एक और vsk ऐप का अतिरिक्त भार शिक्षकों पर दबाव डालना समझ से परे है। जो शिक्षक अपने गृह जिला से अन्य जिला परिवार से 100 किलोमीटर से 300 किलोमीटर की दूरी पर अपने बच्चे पत्नी एवं बुजुर्ग माता पिता को छोड़कर नौकरी कर रहे है और न तो गृह जिला आने की कोई ट्रांफर नियम बना है न ही पदोन्नति हो रही है डेढ़ लाख शिक्षकों का सिविलियन उपरांत पूर्व सेवा को शून्य कर देना 20 सालों से एक ही पद में रखना इस सब दंश को लेकर क्या कर सकते है सरकार से अनुरोध है कि शिक्षकों का मूल कार्य बच्चों को शिक्षा देना है पढ़ना है सर्वांगिक शिक्षा प्रदान करना है इस प्रकार ऑनलाइन कार्यों के लिए कोई अलग व्यवस्था करनी चाहिए।

सिस्टम से हारा किसान 3 साल में नहीं सुधरा नक्शा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली और अधिकारियों की उदासीनता ने एक गरीब किसान को दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर कर दिया है। तहसील, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काटकर थक चुके ग्राम रजनकटा के एक किसान ने अब हारकर मुख्यमंत्री जनदर्शन और राजस्व मंत्री के पास न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम रजनकटा (पटवारी हल्का नंबर 17) निवासी एक किसान परिवार पिछले तीन वर्षों से अपनी पैतृक कृषि भूमि में हुई एक छोटी सी 'बंदोबस्ती त्रुटि' (नक्शा सुधार) को ठीक कराने के लिए सरकारी दफ्तरों की खाक छान रहा है। किसान का आरोप है कि उसने तहसील कार्यालय छुरा, एसडीएम कार्यालय और कलेक्टर जनदर्शन में कई बार आवेदन दिया, लेकिन हर बार उसे केवल आश्वासन मिला। एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय फाइल भेजने के नाम पर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। पीड़ित किसान की पैतृक भूमि पाण्डुका और रजनकटा के मध्य मुख्य मार्ग पर स्थित है। किसान का कहना है कि इस बेशकीमती जमीन पर इलाके के जमीन दलालों की गिद्ध नजर पड़ गई है। दलालों ने इस जमीन के पीछे का कुछ हिस्सा खरीद लिया है और अब किसान की पैतृक भूमि को हथियाने के लिए नक्शा सुधार की प्रक्रिया में अड़ंगे डाल रहे हैं। किसान को डराने और जमीन हड़पने की धमकियाँ भी दी जा रही हैं।

■ न्याय की आस में मुख्यमंत्री जनदर्शन में लगाई गुहार

मुख्यमंत्री से अंतिम उम्मीद

स्थानीय प्रशासन से निराश होकर किसान ने अब मुख्यमंत्री जनदर्शन में आवेदन लगाया है। किसान को उम्मीद है कि सूबे के मुखिया के हस्तक्षेप के बाद शायद विभाग की नींद टूटेगी और उसकी पैतृक जमीन को दलालों के चंगुल से बचाया जा सकेगा।

जांच रिपोर्ट तैयार, फिर भी रुकी है फाइल- हैरानी की बात यह है कि हल्का पटवारी और राजस्व निरीक्षक ने उक्त भूमि की मौका जाँच कर, पंचनामा तैयार कर और नक्शा सुधार की अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन उच्च कार्यालय को भेज दिया है। रिपोर्ट सकारात्मक होने के बावजूद साहबों के दस्तखत के लिए फाइल महीनों से धूल फांक रही है।

सिस्टम के आगे नतमस्तक ग्रामीण- तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक, कोई भी इस छोटे से काम को समय पर पूरा करने की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। राजस्व विभाग के इस मकड़जाल ने यह साबित कर दिया है कि आम और कम पढ़े-लिखे ग्रामीणों के लिए न्याय पाना कितना दुष्कर है। जब पटवारी और आरआई ने अपनी रिपोर्ट दे दी है, तो फाइल को आगे बढ़ाने में 3 साल क्यों लग रहे हैं? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे या जमीन दलालों के कब्जे का इंतजार कर रहा है?